- दिनांक 08 व 22.10.2011 को जिला जयपुर उत्तर थाना कोतवाली पुलिस ने दो बाल अपचारी सहित कुल 3अभियुक्तों को नकबजनी के दर्ज अभियोग में उनके कब्जे से चोरी गया माल मसरूका 80 हजार रूपये बरामद कर अभियुक्तों को गिरफ्तार किया।

**अपहरणः–**

- दिनांक 08 व 14.10.2011 को जिला दौसा थाना रामगढ पचवारा व सिकन्दरा पुलिस ने अलग–अलग कार्यवाही करते हुए दो अपहृता दस्तयाब कर तीन अभियुक्तों को गिरफ्तार किया।
- दिनांक 14, 15 व 18.10.2011 को जिला कोटा ग्रामीण थाना खातौली व कनवास पुलिस ने अपहरण के तीन अभियोगों में दौराने अनुसंधान 3 अभियुक्तों को गिरफ्तार किया।

**धोखाधड़ीः–**

- दिनांक 04.10.2011 को जिला जयपुर ग्रामीण थाना दूदू पुलिस ने नकली घी बनाने की फैक्ट्री दस्तयाब कर 2 अभियुक्तों को गिरफ्तार किया।
- दिनांक 11.10.2011 को जयपुर दक्षिण थाना विधायकपुरी पुलिस ने नकली सोने की ईंटों को असली बताकर धोखाधड़ी के दर्ज अभियोग में दौराने अनुसंधान तीन अभियुक्तों को गिरफ्तार किया।

**ईनामी अभियुक्तः–**

- दिनांक 18.10.2011 को जिला सवाई माधोपुर थाना कोतवाली पुलिस ने एक अभियुक्त के कब्जे से एक देशी कट्टा बरामद कर अभियुक्त को गिरफ्तार किया। इस अभियुक्त पर जिला स0 माधोपुर द्वारा 1000/–रूपये का ईनाम घोषित था।
- दिनांक 26.10.2011 को जिला धौलपुर थाना सरमथुरा पुलिस ने 1995 से फरार अभियुक्त को गिरफ्तार किया। जिस पर पुलिस अधीक्षक जिला धौलपुर द्वारा 1000/– रूपये का ईनाम घोषित था।

**चोरीः–**

- दिनांक 02.10.2011 को जिला जयपुर पश्चिम थाना सिन्धीकैम्प पुलिस ने चोरी के दर्ज अभियोग में दो अभियुक्तों को गिरफ्तार किया जाकर उनके कब्जे से चोरी गया सामान लेपटॉप, सोने की चैन, व अन्य सामग्री बरामद की।
- दिनांक 03.10.2011 को जिला जयपुर पश्चिम थाना करधनी पुलिस ने दिनांक 24.09.2011 के दर्ज अभियोग में दौराने अनुसंधान तीन अभियुक्तों के कब्जे से 1.50 लाख रूपये के सोने–चॉदी के जेवरात बरामद कर अभियुक्तों को गिरफ्तार किया।
- दिनांक 06.10.2011 को जिला करौली थाना सपोटरा पुलिस ने चोरी के दर्ज अभियोग में दो अभियुक्तों को गिरफ्तार कर चोरी की गई चॉदी की कनकती बरामद की।
- दिनांक 06.10.2011 को जिला जयपुर पश्चिम थाना करधनी पुलिस ने दिनांक 19 व 27.09.2011 के दर्ज अभियोगों में दौराने अनुसंधान दो अभियुक्तों के कब्जे से 7.30 लाख रूपये के सोने–चॉदी के जेवरात व अन्य सामान बरामद कर अभियुक्तों को गिरफ्तार किया।
- दिनांक 10.10.2011 को जिला जयपुर ग्रामीण थाना शाहपुरा पुलिस ने चोरी के दर्ज अभियोग में दौराने अनुसंधान 2 अभियुक्तों के कब्जे से चोरी गई एक भैस बरामद की।
- दिनांक 10.10.2011 को जिला बांसवाड़ा थाना सज्जनगढ पुलिस ने दौराने गश्त व नाकाबन्दी एक चोरी का एक डम्पर जिसमें करीब 11 टन मैंगनिज भरा हुआ था, को बरामद कर एक अभियुक्त को गिरफ्तार किया।
- दिनांक 10 व 12.10.2011 को जिला जयपुर दक्षिण थाना विधायकपुरी व सांगानेर सदर पुलिस ने चोरी के दर्ज अभियोग में दो अभियुक्तों के कब्जे से चोरी गया मालमसरूका 4 लेपटॉप बरामद कर अभियुक्तों को गिरफ्तार किया।
- दिनांक 10, 18, 19 व 23.10.2011 को जिला जीआरपी जोधपुर थाना जोधपुर, बाड़मेर पुलिस ने चोरी के दर्ज अभियोगों में कुल 4 अभियुक्तों के कब्जे से चोरी गया मालमसरूका 6290/–रूपये बरामद कर अभियुक्तों को गिरफ्तार किया।
- दिनांक 11.10.2011 को जिला अलवर थाना अरावली विहार पुलिस ने दिनांक 05.04.2011 की रात्रि को कलस्टर कोर्डिनेटर बारटोनिक्स इण्डिया लि0 की शाखा से 10 लेपटाप, एक हार्ड डिस्क चोरी हो जाने के दर्ज अभियोग में दौराने अनुसंधान दो अभियुक्तों को नामजद कर चोरी गया माल मसरूका बरामद किया।
- दिनांक 16 व 18.10.2011 को जिला जीआरपी अजमेर थाना जयपुर व सीकर पुलिस ने रेल्वे स्टेशनों पर खड़ी अलग–अलग तीन गाड़ियों में चोरी किये जाने की सूचना पर 3 अभियुक्तों के कब्जे से चोरी गया मालमसरूका 5.10 लाख रूपये बरामद कर अभियुक्तों को गिरफ्तार किया।
- दिनांक 30.10.2011 को जिला जयपुर पश्चिम थाना कालवाड़ पुलिस ने चोरी के दर्ज अभियोग में दौराने अनुसंधान तीन अभियुक्तों के कब्जे से तांबे की कोयले, एक मोटरसाईकिल व बिजली डी.पी. खोलने का सामान बरामद कर अभियुक्तों को गिरफ्तार किया।
- माह अक्टूबर 2011 में जिला जीआरपी अजमेर थाना जवाहरनगर कोटा पुलिस ने एसी कोचों में चोरी की बढती वारदातों के कम में वांछित अभियुक्त, उसकी पत्नी, उसकी सास एवं उसका साला को गिरफ्तार कर चोरी का मालमसरूका बरामद किया एवं गहनता से पूछताछ पर इन्होनें जीआरपी थाना जयपुर, चित्तौड़गढ व उदयपुर क्षेत्र में कई वारदातों में लिप्त होना स्वीकार किया।

**वाहन चोरी :–**

- दिनांक 01, 05, 06, 09, 13, 16, 17, 18, 21 व 23.10.2011 को जिला जयपुर उत्तर थाना सुभाष चौक, कोतवाली, गलतागेट, शास्त्रीनगर, रामगंज, विद्याधर नगर, भट्टाबस्ती व माणक चौक पुलिस ने वाहन चोरो पर कार्यवाही करते हुए 14 अभियुक्तों के कब्जे से चोरी गई एक कार, एक ऑटो रिक्शा एवं 20 मोटरसाईकिलें बरामद कर अभियुक्तों को गिरफ्तार किया।
- दिनांक 01, 03, 10, 11 व 20.10.2011 को जिला जयपुर ग्रामीण थाना कोटपूतली, दूदू व मनोहरपुर पुलिस ने सूत्र सूचना पर 9 अभियुक्तों के कब्जे से चोरी गये वाहन एक ट्रक, एक चेसीस, एक कार एवं 4 मोटरसाईकिलें बरामद कर अभियुक्तों को गिरफ्तार किया।
- दिनांक 03, 22 व 24.10.2011 को जिला झालावाड़ थाना रायपुर, भवानीमण्डी व कोतवाली पुलिस ने 5 अभियुक्तों के कब्जे से चोरी गई 3 मोटरसाईकिलें बरामद कर अभियुक्तों को गिरफ्तार किया।
- दिनांक 04, 07, 08, 11, 15, 16, 17, 18, 19, 20, 22 व 29.10.2011 को जिला दौसा थाना महवा, सलेमपुर, सिकन्दरा, कोलवा, लालसोट, कोतवाली, बॉदीकुई व बसवा पुलिस ने वाहन चोरी के बढते अपराधों पर अंकुश लगाते हुए 10 अभियुक्तों के कब्जे से चोरी गई 2 कार, 2 जीप, 3 ट्रेक्टर एवं 10 मोटरसाईकिलें बरामद कर अभियुक्तों को गिरफ्तार किया।
- दिनांक 04 व 21.10.2011 को जिला जयपुर पश्चिम थाना सिन्धीकैम्प व सदर पुलिस ने 3 अभियुक्तों के कब्जे से चोरी गई एक जायलों कार व एक मोटरसाईकिल बरामद कर अभियुक्तों को गिरफ्तार किया।
- दिनांक 05, 07, 23 व 29.10.2011 को जिला भरतपुर थाना नगर, बयाना, सीकरी, नदबई व कामां पुलिस ने सूत्र सूचना पर 6 अभियुक्तों के कब्जे से चोरी गई 3 मोटरसाईकिलें, 2 कारे व एक टेम्पो बरामद कर अभियुक्तों को गिरफ्तार किया।
- दिनांक 06, 18, 20, 22, 23, 24 व 25.10.2011 को जिला जयपुर दक्षिण थाना शिप्रापथ, अशोक नगर, शिवदासपुरा, मुहाना व ज्योतिनगर पुलिस ने 17 अभियुक्तों के कब्जे से चोरी गई 5 मोटरसाईकिलें, दो कार व एक टाटा मिनी ट्रक बरामद कर अभियुक्तों को गिरफ्तार किया।
- दिनांक 09.10.2011 को जिला गंगानगर थाना कोतवाली पुलिस ने 2 अभियुक्तों के कब्जे से चोरी गई 3 मोटरसाईकिलें बरामद कर अभियुक्तों को गिरफ्तार किया।
- दिनांक 12.10.2011 को जिला धौलपुर थाना कंचनपुर पुलिस ने दौराने गश्त दो अभियुक्तों के कब्जे से चोरी गई एक मोटरसाईकिल एवं एक कट्टा 12 बोर मय दो कारतूस बरामद कर अभियुक्तों को गिरफ्तार किया।
- दिनांक 19 व 20.10.2011 को जिला सीकर थाना सदर पुलिस ने सूत्र सूचना पर एक अभियुक्त के कब्जे से एक चोरी गई मोटरसाईकिल बरामद कर गिरफ्तार किया। दौराने तलाशी उसके पास से एक अवैध देशी कट्टा बरामद किया व पूछताछ पर उसकी निशादेही व सूत्र सूचनाओं से कुल 11 मोटरसाईकिलें बरामद की गई।
- दिनांक 20, 22 व 25.10.2011 को जिला पाली थाना सेन्दड़ा व सोजतसिटी पुलिस ने एक बौलेरो गाड़ी, एक मोटरसाईकिल व एक क्वालिस गाडी बरामद कर 5 अभियुक्तों को गिरफ्तार किया।
- दिनांक 20 व 31.10.2011 को जिला सवाई माधोपुर थाना मानटाउन व चौथका बरवाड़ा पुलिस ने 3 अभियुक्तों के कब्जे से चोरी गई 1 जीप व 1 पिकअप बरामद कर अभियुक्तों को गिरफ्तार किया।
- दिनांक 27 व 31.10.2011 को जिला करौली थाना मासलपुर व करौली पुलिस ने दौराने गस्त 2 अभियुक्तों के कब्जे से चोरी गई एक जीप व एक मोटरसाईकिल बरामद कर अभियुक्तों को गिरफ्तार किया।

**अवैध शराबः–**

- दिनांक 01, 07, 19, 20 व 21.10.2011 को जिला जालोर थाना सरवाना, सांचोर, सायला व भीनमाल पुलिस ने सूत्र सूचना पर दौराने नाकाबन्दी 5 वाहनों में अवैध रूप से परिवहन कर ले जाई जा रही 1697 कार्टून अंग्रेजी शराब व 92 बोतल एवं 338 पव्वे देशी शराब बरामद कर 5 अभियुक्तों को गिरफ्तार किया।

- दिनांक 01.10.2011 को जिला जयपुर पूर्व थाना आदर्शनगर पुलिस ने दो अभियुक्तों के कब्जे से अवैध 125 पव्वे अंग्रेजी शराब व एक स्कूटर बरामद कर अभियुक्तों को गिरफ्तार किया।
- दिनांक 02.10.2011 को जिला हनुमानगढ थाना पीलीबंगा पुलिस ने दौराने नाकाबन्दी एक वाहन में अवैध रूप से परिवहन की जा रही 505 पेटी अंग्रेजी शराब बरामद कर 2 अभियुक्तों को गिरफ्तार किया।
- दिनांक 04, 11 व 13.10.2011 को जिला सीकर थाना खाटूश्यामजी, कोतवाली व पाटन पुलिस ने सूत्र सूचना पर एक वाहन, एक मकान एवं दुकान में अवैध रूप से रखी गई क्रमशः 58, 55 व 60 बोतल बीयर बरामद कर 2 अभियुक्तों को गिरफ्तार किया। एक अभियुक्त के कब्जे से एक देशी बन्दूक मय 3 कारतूस बरामद किये।
- दिनांक 04.10.2011 को जिला जयपुर ग्रामीण थाना कोटपूतली पुलिस ने एक अभियुक्त के कब्जे से बिना लाईसेन्सी एक वाहन सहित 1820 पव्वे अंग्रेजी शराब, 12 बोतल व 12 पव्वे देशी शराब बरामद कर अभियुक्त को गिरफ्तार किया।
- दिनांक 04 व 19.10.2011 को जिला चित्तौड़गढ थाना निम्बाहेडा व भादसोड़ा पुलिस ने सूत्र सूचना पर दौराने गश्त व नाकाबन्दी दो वाहनों में अवैध रूप से परिवहन की जा रही 980 कार्टून व 69 बोतल अंग्रेजी शराब बरामद कर 2 अभियुक्तों को गिरफ्तार किया।
- दिनांक 06, 20, 23 व 26.10.2011 को जिला चूरू थाना राजगढ, कोतवाली व तारानगर पुलिस ने 2 वाहनों में अवैध रूप से परिवहन करते हुए व 2 रिहायशी मकान से 5 अभियुक्तों के कब्जे से 478 कार्टून अंग्रेजी शराब एवं 76 कार्टून व 444 पव्वे देशी शराब बरामद कर अभियुक्तों को गिरफ्तार किया।
- दिनांक 08, 12 व 25.10.2011 को जिला नागौर थाना लाडनू, मौलासर व जसवन्तगढ पुलिस ने तीन वाहनों में अवैध रूप से परिवहन किया जा रहा 20742 बोतल, 50208 पव्वे अंग्रेजी शराब व 8064 बोतल बीयर बरामद कर 4 अभियुक्तों को गिरफ्तार किया।
- दिनांक 12.10.2011 को जिला बांसवाड़ा थाना लोहारिया पुलिस ने दौराने गश्त व नाकाबन्दी एक वाहन में अवैध रूप से परिवहन की जा रही 90 पेटी अंग्रेजी शराब बरामद की।
- दिनांक 15.10.2011 को जिला झुन्झुनू थाना गुढा पुलिस ने सूत्र सूचना पर दौराने नाकाबन्दी एक वाहन में अवैध रूप से परिवहन की जा रही 2160 पव्वे अंग्रेजी शराब बरामद कर एक अभियुक्त को गिरफ्तार किया।
- दिनांक 17 व 20.10.2011 को जिला झुन्झुनू थाना सूरजगढ व सिंघाना पुलिस ने सूत्र सूचना पर दौराने गश्त व नाकाबन्दी दो वाहनों में अवैध रूप से परिवहन की जा रही 63 पेटी अंग्रेजी शराब व 1200 पव्वे देशी शराब बरामद कर 2 अभियुक्तों को गिरफ्तार किया।
- दिनांक 20.10.2011 को जिला डूँगरपुर थाना बिछीवाड़ा पुलिस ने सूत्र सूचना पर दौराने नाकाबन्दी एक वाहन में अवैध रूप से परिवहन की जा रही 990 पेटी अंग्रेजी शराब बरामद कर एक अभियुक्त को गिरफ्तार किया।
- दिनांक 20.10.2011 को जिला जयपुर दक्षिण थाना महेश नगर पुलिस ने एक महिला अभियुक्त के कब्जे से 192 पव्वे देशी शराब बरामद कर अभियुक्ता को गिरफ्तार किया।
- दिनांक 22.10.2011 को जिला बाड़मेर थाना नागाणा पुलिस ने सूत्र सूचना पर दौराने नाकाबन्दी एक वाहन में अवैध रूप से परिवहन कर ले जाई जा रही 94 बोतल व 528 पव्वे अंग्रेजी शराब बरामद की।
- दिनांक 25.10.2011 को जिला सिरोही थाना मंडार पुलिस ने दौराने गश्त व नाकाबन्दी एक वाहन में अवैध रूप से परिवहन कर ले जाई जा रही 982 पेटिया अंग्रेजी शराब बरामद की।

राज्य में माह अक्टूबर 2011 में आबकारी अधिनियम के अन्तर्गत 908 प्रकरण दर्ज कर 969 अभियुक्तों को गिरफ्तार किया जाकर 136166 बोतल अंग्रेजी शराब 27050 बोतल देशी शराब 3752 बोतल कच्ची शराब एवं 35591 बोतल बीयर बरामद की गई।

राज्य में वर्ष 2011 माह अक्टूबर तक आबकारी अधिनियम के अन्तर्गत 10965 प्रकरण दर्ज कर, 11287 अभियुक्तों को गिरफ्तार किया जाकर 917840 बोतल अंग्रेजी शराब, 133810 बोतल देशी शराब, 59258 बोतल कच्ची शराब एवं 289150 बोतल बीयर बरामद की गई।

<u>मादक पदार्थः</u>—

- दिनांक 01 व 16.10.2011 को जिला नागौर थाना डीडवाना व कुचामनसिटी पुलिस ने दो वाहनों में अवैध रूप से परिवहन किया जा रहा 217.350 किलोग्राम डोडा पोस्त बरामद कर एक अभियुक्त को गिरफ्तार किया।
- दिनांक 02, 03, 08, 11, 12 व 25.10.2011 को जिला चित्तौड़गढ थाना बैगू, मंगलवाड, निम्बाहेडा, चित्तौड़गढ व पारसोली पुलिस ने दौराने गश्त व नाकाबन्दी दो वाहनों सहित 6 अभियुक्तों के कब्जे से 4. 610 किलोग्राम अफीम, 3687 किलोग्राम डोडा पोस्त एवं 850 ग्राम गांजा बरामद कर अभियुक्तों को गिरफ्तार किया।
- दिनांक 02, 04 व 14.10.2011 को जिला पाली थाना फालना, मारवाड़ जक्शन व नाणा पुलिस ने अलग—अलग कार्यवाही करते हुए अवैध रूप से परिवहन किया जा रहा 784.500 किलोग्राम डोडा पोस्त, 385 ग्राम अफीम का दूध , एक पिस्टल मय 3 कारतूस बरामद कर दो अभियुक्तों को गिरफ्तार किया।
- दिनांक 03.10.2011 को जिला प्रतापगढ थाना अरनोद पुलिस ने सूत्र सूचना पर पनूडी पहुॅचे जहां मीनी ट्रक में 3 व्यक्ति एक कट्टा ट्रक डालते हुए पाये गये पुलिस को देखकर एक व्यक्ति ने बन्दूक से फायर किया व मौके का फायदा उठाकर भाग गये। मौके पर चैक किया तो दो प्लास्टिक के कट्टे जिनमें 34.100 किलोग्राम डोडा चूरा, एक मोटरसाईकिल, एक जिन्दा कारतूस व एक खाली खोखा बरामद किया। अभियुक्तों की तलाश जारी है।
- दिनांक 03, 04, 05, 07, 11 व 15.10.2011 को जिला बारां थाना छबड़ा, बापचा, छीपाबडौद, किशनगंज, माटपुरा व सदर पुलिस ने वाहनों में अवैध रूप से परिवहन की जा रही व दो खेतो में से 9 अभियुक्तों के कब्जे से 360 ग्राम गांजा व 64.100 ग्राम गांजे के पौधे, 100 ग्राम अफीम एवं 5 किलोग्राम अफीम के पौधे व 105 ग्राम स्मैक बरामद कर अभियुक्तों को गिरफ्तार किया।
- दिनांक 07.10.2011 को जिला सिरोही थाना कालन्द्री पुलिस ने दौराने गश्त एक वाहन में अवैध रूप से परिवहन किया जा रहा 567 किलोग्राम डोडा पोस्त बरामद कर एक अभियुक्त को गिरफ्तार किया।
- दिनांक 09 व 22.10.2011 को जिला गंगानगर थाना कोतवाली व करणपुर पुलिस ने दो अभियुक्तों के कब्जे से 18 किलोग्राम डोडा पोस्त व 4 ग्राम स्मैक बरामद कर अभियुक्तों को गिरफ्तार किया।
- दिनांक 14.10.2011 को जिला डूॅगरपुर थाना बिछीवाड़ा पुलिस ने सूत्र सूचना पर एक वाहन में अवैध रूप से परिवहन की जा रही 19 पैकेटों में 32 किलोंग्राम चरस बरामद कर 3 अभियुक्तों को गिरफ्तार किया।
- दिनांक 14.10.2011 को जिला जयपुर पश्चिम थाना सदर पुलिस ने एक अभियुक्त के कब्जे से अवैध 4.050 किलोग्राम गांजा बरामद कर अभियुक्त को गिरफ्तार किया।
- दिनांक 15 व 24.10.2011 को जिला हनुमानगढ थाना भिरानी पुलिस ने दौराने गश्त व नाकाबन्दी दो वाहनों में अवैध रूप से परिवहन किया जा रहा 766.500 किलोग्राम डोडा पोस्त चूरा बरामद कर 2 अभियुक्तों को गिरफ्तार किया।
- दिनांक 15.10.2011 को जिला जैसलमेर थाना नाचना पुलिस ने सूत्र सूचना पर एक अभियुक्त के कब्जे से 1.100 किलोग्राम अफीम का दूध बरामद किया।
- दिनांक 20 व 23.10.2011 को जिला जीआरपी अजमेर थाना जयपुर पुलिस ने बिहार व पश्चिम बंगाल निवासी तीन अभियुक्तों के कब्जे से 18.500 किलोग्राम अवैध गांजा बरामद कर अभियुक्तों को गिरफ्तार किया।
- दिनांक 21.10.2011 को जिला बाड़मेर थाना मण्डली पुलिस ने दौराने नाकाबन्दी एक वाहन में अवैध रूप से परिवहन किया जा रहा 3024 किलोग्राम डोडा पोस्त बरामद कर 2 अभियुक्तों को गिरफ्तार किया।

- दिनांक 22.10.2011 को जिला दौसा थाना बसवा पुलिस ने एक अभियुक्त के कब्जे से 800 ग्राम डोडा पोस्त व 500 ग्राम गांजा बरामद कर अभियुक्तों को गिरफ्तार किया।
- दिनांक 23.10.2011 को जिला चूरू थाना राजलदेसर पुलिस ने दौराने गश्त एक अभियुक्त के कब्जे से 35 ग्राम गांजा बरामद कर अभियुक्त को गिरफ्तार किया।
- दिनांक 23.10.2011 को जिला कोटा ग्रामीण थाना कनवास पुलिस ने दौराने गश्त एक अभियुक्त के कब्जे से अवैध 12 ग्राम गांजा व 184 ग्राम चरस बरामद कर अभियुक्त को गिरफ्तार किया।
- दिनांक 23.10.2011 को जिला प्रतापगढ थाना देवगढ पुलिस ने सूत्र सूचना पर एक वाहन में अवैध रूप से परिवहन की जा रही 7 किलोग्राम अफीम बरामद कर अभियुक्त को गिरफ्तार किया।
- दिनांक 24.10.2011 को जिला जालोर थाना सरवाना पुलिस ने सूत्र सूचना पर एक अभियुक्त के कब्जे से अवैध रूप से रखा 280 किलोग्राम डोडा पोस्त बरामद किया।
- दिनांक 26.10.2011 को जिला झालावाड़ थाना गंगधार पुलिस ने दौराने गश्त दो अभियुक्तों के कब्जे से 6 ग्राम स्मैक बरामद कर अभियुक्तों को गिरफ्तार किया।

राज्य में माह अक्टूबर 2011 में एन.डी.पी.एस. एक्ट के 62 प्रकरण दर्ज कर, 76 अभियुक्तों को गिरफ्तार कर, 0.146 कि.ग्राम स्मैक, 10.434 किग्रा. चरस, 20.565 कि.ग्रा. अफीम, 121.470 कि0ग्रा0 गांजा व 17749.390 कि0ग्रा0 डोडा पोस्त एवं अन्य सामग्री जब्त की गई।

राज्य में वर्ष 2011 माह अक्टूबर तक एन.डी.पी.एस. एक्ट के 1106 प्रकरण दर्ज कर 1300 अभियुक्तों को गिरफ्तार कर, 1.650 कि0ग्रा0 ब्राउन शुगर, 2.700 कि0ग्रा0 हेरोईन, 6.338 कि.ग्रा0 स्मैक, 18.745 कि. ग्रा0 चरस, 778.188 कि0ग्रा0 अफीम, 2080.425 कि0ग्रा0 गांजा व 118922.258 कि0ग्रा0 डोडा पोस्त एवं अन्य सामग्री जब्त की गई।

**<u>अवैध हथियार :–</u>**

- दिनांक 01, 08, 17, 20 व 22.10.2011 को जिला जयपुर पश्चिम थाना वैशाली नगर, विश्वकर्मा, चौमू व मुरलीपुरा पुलिस ने 5 अभियुक्तों के कब्जे से दो देशी पिस्टल, दो देशी कट्टे, एक देशी रिवाल्वर 32 बोर व 7 कारतूस बरामद कर अभियुक्तों को गिरफ्तार किया।
- दिनांक 06.10.2011 से 31.10.2011 तक जिला नागौर पुलिस ने अवैध हथियारों की धरपकड़ हेतु विशेष अभियान चलाया जाकर 33 अभियोगों में 34 अभियुक्तों के कब्जे से अवैध 21 टोपीदार बन्दूके, एक देशी कट्टा, 4 कारतूस एक रिवाल्वर, 2 पिस्टल, 270 धारदार तलवारें व अन्य हथियार बरामद कर अभियुक्तों को गिरफ्तार किया।
- दिनांक 06, 20 व 28.10.2011 को जिला करौली थाना कैलादेवी, सुरौठ व बालघाट पुलिस ने अलग–अलग कार्यवाही करते हुए 3 अभियुक्तों के कब्जे से 2 अवैध बिना लाईसेन्सी देशी कट्टा 315 बोर मय 4 कारतूस एवं एक देशी कट्टा 12 बोर मय 2 कारतूस बरामद कर अभियुक्तों को गिरफ्तार किया।
- दिनांक 07, 11, 13, 20, 25 व 29.10.2011 को जिला जयपुर दक्षिण थाना मानसरोवर, शिवदासपुरा, चाकसू, मुहाना, सोडाला व महेश नगर पुलिस ने 7 अभियुक्तों के कब्जे से अवैध बिना लाईसेन्स के 3 देशी कट्टे, 1 रिवाल्वर, 1 टोपीदार बन्दूक, 1 पिस्टल मय मैगजिन एवं 9 कारतूस बरामद कर अभियुक्तों को गिरफ्तार किया।
- दिनांक 09 व 16.10.2011 को जिला सवाई माधोपुर थाना गंगापुरसिटी पुलिस ने दो अभियुक्तों के कब्जे से अवैध दो देशी कट्टे 315 बोर बरामद कर अभियुक्तों को गिरफ्तार किया।
- दिनांक 14.10.2011 को जिला प्रतापगढ थाना छोटीसादड़ी पुलिस ने एक अभियुक्त के कब्जे से एक अवैध टोपीदार बन्दूक बरामद कर अभियुक्त को गिरफ्तार किया।
- दिनांक 16 व 19.10.2011 को जिला सीकर थाना कोतवाली व सदर पुलिस ने दो अभियुक्तों के कब्जे से बिना लाईसेन्स एक टोपीदार बन्दूक एवं एक देशी कट्टा बरामद कर अभियुक्तों को गिरफ्तार किया।

- दिनांक 16.10.2011 को जिला भरतपुर थाना जुरहरा पुलिस ने सूत्र सूचना पर एक अभियुक्त के कब्जे से एक देशी कट्टा 12 बोर मय 2 कारतूस एवं चोरी का एक पंखा व एक मारूती कार बरामद कर अभियुक्त को गिरफ्तार किया।
- दिनांक 18 व 21.10.2011 को जिला बारां थाना छीपाबडौद पुलिस ने दौराने गश्त व नाकाबन्दी दो अभियुक्तों के कब्जे से एक देशी कट्टा मय 4 कारतूस, एक टोपीदार बन्दूक एवं एक बोलेरो कार बरामद कर अभियुक्तों को गिरफ्तार किया।
- दिनांक 21 व 27.10.2011 को जिला चूरू थाना राजगढ व तारानगर पुलिस ने दौराने गश्त दो अभियुक्तों के कब्जे से एक शार्ट बैरल 12 बोर बन्दूक मय एक कारतूस एवं एक देशी कट्टा 315 बोर बरामद कर अभियुक्तों को गिरफ्तार किया।
- दिनांक 26.10.2011 को जिला जयपुर पूर्व थाना बजाजनगर पुलिस ने एक अभियुक्त के कब्जे से अवैध एक देशी कट्टा 32 बोर व एक छुर्रा बरामद कर अभियुक्त को गिरफ्तार किया।
- माह अक्टूबर 2011 में जिला जयपुर ग्रामीण पुलिस ने 11 अभियुक्तों के कब्जे से अवैध बिना लाईसेन्सी 9 टोपीदार बन्दूके, एक पिस्टल मय 3 कारतूस व एक चाकू बरामद कर अभियुक्तों को गिरफ्तार किया।

राज्य में माह अक्टूबर 2011 में आर्म्स एक्ट के तहत 710 प्रकरण दर्ज कर 718 अभियुक्तों को गिरफ्तार किया जाकर 94 बन्दूकें, 85 रिवाल्वर/कट्टे, 123 कारतूस व धारदार हथियार बरामद किये गये।

राज्य में वर्ष 2011 में माह अक्टूबर तक आर्म्स एक्ट के तहत 4352 प्रकरण दर्ज कर 4439 अभियुक्तों को गिरफ्तार किया जाकर 288 बन्दूकें, 723 रिवाल्वर/कट्टे, 1638 कारतूस व धारदार हथियार बरामद किये गये।

**<u>अवैध विस्फोटक :–</u>**

- दिनांक 08.10.2011 को जिला करौली थाना कुडगांव पुलिस ने एस.एस. मिनरल्स की खान पर ट्रेक्टर फार्मटेक कम्प्रेशर व ड्रील मशीन से होल कर विस्फोटक लगाते हुए 2 अभियुक्तों के कब्जे से 48 डेटोनेटर, 25 किलोग्राम अमोनियम नाईट्रेट व 23 फ्यूज वायर बरामद कर अभियुक्तों को गिरफ्तार किया।

राज्य में माह अक्टूबर 2011 में एक्सप्लोजिव एक्ट के अन्तर्गत 98 प्रकरण दर्ज कर 97 अभियुक्तों को गिरफ्तार किया जाकर 125 जिलेटिन, 98 डेटोनेटर तथा काफी मात्रा में अन्य संबंधित सामग्री एवं उपकरण बरामद किये।

राज्य में वर्ष 2011 में माह अक्टूबर तक एक्सप्लोजिव एक्ट के अन्तर्गत 408 प्रकरण दर्ज कर 421 अभियुक्तों को गिरफ्तार किया जाकर 160294 जिलेटिन, 32478 डेटोनेटर तथा काफी मात्रा में अन्य संबंधित सामग्री एवं उपकरण बरामद किये।

**<u>जुआ/सट्टाः–</u>**

- दिनांक 02, 20, 22, 24, 25, 27 व 29.10.2011 को जिला जयपुर पूर्व थाना जवाहर नगर, सांगानेर व बजाज नगर पुलिस ने सार्वजनिक स्थान पर जुआ खेलते हुए 45 अभियुक्तों के कब्जे से 92,470/–रूपये जुआ राशि बरामद कर अभियुक्तों को गिरफ्तार किया।
- दिनांक 04, 09, 11, 13, 23 व 27.10.2011 को जिला जयपुर दक्षिण थाना श्याम नगर, सांगानेर सदर मुहाना, व विधायकपुरी पुलिस ने सार्वजनिक स्थान पर जुआ खेलते हुए 27 अभियुक्तों के कब्जे से 1,65,230/– रूपये जुआ राशि बरामद कर अभियुक्तों को गिरफ्तार किया।
- दिनांक 09 व 24.10.2011 को जिला जोधपुर शहर थाना मण्डोर व खाण्डा फलसा पुलिस ने सार्वजनिक स्थान पर जुआ खेलते हुए 17 अभियुक्तों के कब्जे से 28385/–रूपये की जुआ राशि बरामद कर अभियुक्तों को गिरफ्तार किया।

- दिनांक 10, 13, 14, 25, 27 व 30.10.2011 को जिला जयपुर उत्तर थाना माणक चौक आमेर, कोतवाली संजय सर्किल, गलतागेट व शास्त्रीनगर पुलिस ने सार्वजनिक स्थान पर जुआ/सट्टा खेलते हुए 38 अभियुक्तों के कब्जे से 1,12,630/- रूपये की जुआ/सट्टा राशि बरामद कर अभियुक्तों को गिरफ्तार किया।
- दिनांक 10 व 15.10.2011 को जिला जयपुर ग्रामीण थाना प्रागपुरा पुलिस ने सूत्र सूचना पर सार्वजनिक स्थान पर जुआ खेलते हुए 11 अभियुक्तों के कब्जे से 22,200/-रूपये जुआ राशि बरामद कर अभियुक्तों को गिरफ्तार किया।
- दिनांक 12 व 25.10.2011 को जिला गंगानगर थाना सूरतगढ व केसरीसिंहपुर पुलिस ने दौराने गश्त सार्वजनिक स्थान पर जुआ खेलते हुए 10 अभियुक्तों के कब्जे से 21,950/-रूपये की जुआ राशि बरामद कर अभियुक्तों को गिरफ्तार किया।
- दिनांक 13.10.2011 को जिला बांसवाड़ा थाना बांसवाड़ा पुलिस ने सार्वजनिक स्थान पर जुआ खेलते हुए 12 अभियुक्तों के कब्जे से 5895/-रूपये की जुआ राशि बरामद कर अभियुक्तों को गिरफ्तार किया।
- दिनांक 14, 24 व 25.10.2011 को जिला सीकर थाना सीकर कोतवाली, फतेहपुर कोतवाली व लक्ष्मणगढ पुलिस ने सूत्र सूचना पर सार्वजनिक स्थान पर जुआ खेलते हुए 13 अभियुक्तों के कब्जे से 16910/-रूपये जुआ राशि बरामद कर अभियुक्तों को गिरफ्तार किया।
- दिनांक 16, 17, 25 व 26.10.2011 को जिला चूरू थाना सरदारशहर, सुजानगढ व कोतवाली पुलिस ने सार्वजनिक स्थान पर जुआ खेलते हुए 14 अभियुक्तों के कब्जे से 7,604/-रूपये जुआ राशि बरामद कर अभियुक्तों को गिरफ्तार किया।
- दिनांक 16, 17, 23, 27, 29 व 30.10.2011 को जिला जयपुर उत्तर थाना भट्टाबस्ती, जालुपुरा व नाहरगढ पुलिस ने सार्वजनिक स्थान पर जुआ/सट्टा खेलते हुए 23 अभियुक्तों के कब्जे से 35440/- रूपये की जुआ/सट्टा राशि बरामद कर अभियुक्तों को गिरफ्तार किया।
- दिनांक 19, 21, 24 व 25.10.2011 को जिला बारां थाना कोतवाली व अन्ता पुलिस ने सार्वजनिक स्थान पर जुआ खेलते हुए 33 अभियुक्तों के कब्जे से 1,98,169/-रूपये की जुआ राशि बरामद कर अभियुक्तों को गिरफ्तार किया।
- दिनांक 20 व 29.10.2011 को जिला जयपुर उत्तर थाना ब्रह्मपुरी पुलिस ने सार्वजनिक स्थान पर जुआ/सट्टा खेलते हुए 11 अभियुक्तों के कब्जे से 21,500/- रूपये की जुआ/सट्टा राशि बरामद कर अभियुक्तों को गिरफ्तार किया।
- दिनांक 20.10.2011 को जिला प्रतापगढ थाना छोटी सादड़ी पुलिस ने सूत्र सूचना पर सार्वजनिक स्थान पर जुआ खेलते हुए 3 अभियुक्तों के कब्जे से 1345/-रूपये की जुआ राशि बरामद कर अभियुक्तों को गिरफ्तार किया।
- दिनांक 24.10.2011 को जिला झुन्झुनू पुलिस ने सूत्र सूचना पर ग्राम छावसरी के सरपंच के घर जुआ खेलते हुए 13 अभियुक्तों के कब्जे से 1,03,715/-रूपये जुआ राशि बरामद कर अभियुक्तों को गिरफ्तार किया।
- दिनांक 24.10.2011 को जिला झुन्झुनू थाना सिंघाना पुलिस ने सूत्र सूचना पर एक खेत में जुआ खेलते हुए 5 अभियुक्तों के कब्जे से 1,01,600/-रूपये जुआ राशि बरामद कर अभियुक्तों को गिरफ्तार किया।
- माह अक्टूबर 2011 में जिला जयपुर पश्चिम थाना सदर, विश्वकर्मा, करधनी, चौमू व मुरलीपुरा पुलिस ने सार्वजनिक स्थान पर जुआ खेलते हुए 80 अभियुक्तों के विरूद्ध 25 अभियोग दर्ज किये जाकर उनके कब्जे से 1,26,780/-रूपये की जुआ राशि बरामद कर गिरफ्तार किया।
- माह अक्टूबर 2011 में जिला धौलपुर पुलिस ने सार्वजनिक स्थान पर जुआ/सट्टा खेलते हुए 137 अभियुक्तों के विरूद्ध 61 अभियोग दर्ज किये जाकर उनके कब्जे से 74396/-रूपये जुआ/सट्टा राशि बरामद कर अभियुक्तों को गिरफ्तार किया।

राज्य में माह अक्टूबर 2011 में जुआ एक्ट के अन्तर्गत 1442 प्रकरण दर्ज कर, 3212 अभियुक्तों को गिरफ्तार किया जाकर 25 लाख 54 हजार 013 रूपये की जुआ राशि बरामद की गई।

राज्य में वर्ष 2011 में माह अक्टूबर तक जुआ एक्ट के अन्तर्गत 12428 प्रकरण दर्ज कर 23918 अभियुक्तों को गिरफ्तार किया जाकर, 1 करोड़, 96 लाख 69 हजार 318 रूपये की जुआ राशि बरामद की गई।

**विविधः—**

- दिनांक 02 व 06.10.2011 को जिला चूरू थाना राजगढ पुलिस ने तीन अभियुक्तों के कब्जे से 2 वाहनों में अवैध रूप से परिवहन किया जा रहा 2860 लीटर डीजल बरामद कर अभियुक्तों को गिरफ्तार किया।
- दिनांक 13.10.2011 को जिला सीकर थाना कोतवाली पुलिस ने 155 असली व नकली सीडी/डीवीडी बरामद कर एक अभियुक्त को गिरफ्तार किया।
- दिनांक 15.10.2011 को जिला चित्तौड़गढ थाना बडीसादड़ी पुलिस ने दौराने नाकाबन्दी एक वाहन में अवैध रूप से परिवहन की जा रही 60 किलोग्राम चंदन की लकड़ी बरामद की जाकर 6 अभियुक्तों को गिरफ्तार किया।
- दिनांक 16 व 31.10.2011 को जिला जयपुर ग्रामीण थाना रेनवाल व कोटपूतली पुलिस ने दो वाहनों में अवैध रूप से परिवहन की जा रही 45 क्विंटल 75 किलोग्राम खेजड़ी की गीली लकड़ी वाहनों सहित बरामद कर अभियुक्तों को गिरफ्तार किया।
- दिनांक 17.10.2011 को जिला सिरोही थाना कालन्द्री पुलिस ने दौराने गश्त एक टेक्टर ट्रोली में अरजिया की गीली लकड़ी बरामद कर अभियुक्त को गिरफ्तार किया।
- दिनांक 21 व 30.10.2011 को जिला सीकर थाना नेछवा पुलिस ने दो वाहनों में निर्दयातापूर्वक परिवहन करते हुए एक भैस, 10 भेड़ व 92 बकरे—बकरियों को बरामद कर 4 अभियुक्तों को गिरफ्तार किया।
- दिनांक 28.10.2011 को जिला झुन्झुनू थाना चिडावा पुलिस ने दौराने गश्त एक वाहन में अवैध रूप से परिवहन जा रहा 9 ड्रमों में 1750 लीटर डीजल बरामद कर एक अभियुक्त को गिरफ्तार किया।

## उपसंहार

आलोच्य माह के मासिक अपराध प्रतिवेदन की समीक्षा से स्पष्ट है कि माह में प्रदेश के आपराधिक परिदृश्य में कोई अप्रत्याशित परिवर्तन परिलक्षित नहीं होता है एवं राज्य की अपराध स्थिति सामान्य एवं नियंत्रण में रही है।